हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 10 जुलाई 2026



11 13 मई का समझौता लागू नहीं होने पर बेमियादी...



12 राजनीति में राज करने नहीं, बल्कि सेवा करने...




## खबर संक्षेप

### आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**कनीना।** बिजली लाइनों के रखरखाव व सुधार कार्य के चलते 10 जुलाई को बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। इस दौरान 11 केवी रामबास एपी व राधा आर डीएस फीडर पर विभाग द्वारा परमिट टू वर्क लिया गया है। इस आठ घंटे के दौरान मेंटेनेंस कार्य के कारण रामबास व ईसराना गांव की ढाणी की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

### बिजली बिल निवारण शिविर आज

**नारनौल।** उपभोक्ताओं की बिजली बिल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए विशेष सुनवाई शिविर शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। यह शिविर बिजली बोर्ड के मंडल कार्यालय में सुबह 10 से 11 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें शहरी व ग्रामीण उपभोक्ता अपनी बिजली बिल संबंधी समस्याएं दर्ज करवा सकेंगे। शिविर में केवल 50 हजार तक के बिजली बिल मामलों की सुनवाई होगी, इससे अधिक राशि वाले बिलों पर सुनवाई नहीं होगी।

### खेतों से फव्वारों के नोजल चोरी

**कनीना।** थाना क्षेत्र के गांव सुंदरह में अज्ञात चोरों ने पांच किसानों के खेतों को निशाना बनाते हुए सिंचाई फव्वारों की पीतल की नोजल चोरी कर ली। इस संबंध में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता किसान राजबीर के अनुसार सात जुलाई रात को अज्ञात चोरों ने उनके खेत से 14, शमशेर के खेत से 15, सुरेश के 20, पंकज के 10 व रमेश के खेत से 10 नोजल चोरी कर ली। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल नीलम को सौंपी गई है।

### डेंगू रोकथाम के लिए किया जागरूक

**कनीना।** गांव खरकड़ावास में सरकार के निर्देशानुसार डॉ. प्रतीक पीएचसी इंचार्ज धनौंदा की ओर से नियुक्त टीम में शामिल कुलदीप सिंह बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता व स्वास्थ्य निरीक्षक पवन पवन कुमार ने डेंगू से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घरों में साफ सफाई रखनी चाहिए और टंकी, गमले, होदी, फ्रिज, ट्रे आदि समयानुसार साफ करते रहना चाहिए। मच्छरों से बचाव के लिए पूरी बाजू के कपड़े पहनने चाहिए।

### धौलेड़ा निवासी युवक के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने की थी मारपीट

# दिल्ली पुलिस में कार्यरत कांस्टेबल सुनील की इलाज के दौरान मौत

**परिजनों का आरोप : 3 सप्ताह पहले हुई मारपीट में आई गंभीर चोट बनी मौत का कारण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

निजामपुर थाना क्षेत्र के गांव धौलेड़ा निवासी दिल्ली पुलिस में कार्यरत कांस्टेबल सुनील कुमार की वीरवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि करीब तीन सप्ताह पहले हुई मारपीट में आई गंभीर चोटों के कारण उनकी मौत हुई है। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। परिजनों के अनुसार 14 जून को सुनील कुमार घर आया हुआ था। उसी दिन वह घर से कहीं चला गया। अगले दिन वह संदिग्ध परिस्थितियों में घायल अवस्था में कालिया नांगल क्षेत्र के पास मिला। सूचना मिलने पर परिजन उन्हें मौके से लेकर आए। इसके बाद होश आने पर सुनील ने बताया कि वह गांव के ही कुछ लोगों के साथ गया था, जहां उसके साथ कथित रूप से मारपीट की गई।

शिकायत के अनुसार घायल को पहले नारनौल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत होने पर 17 जून को जयपुर के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

तब से उनका इलाज चल रहा था। इसी दौरान उसको घर लेकर आ गए थे। मगर फिर से उसकी तबियत खराब हो गई। जिस पर उसको नागरिक अस्पताल लाए, तो चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी पिंकी ने पहले ही निजामपुर थाने में शिकायत देकर गांव के दो लोगों पर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिताकी संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया था।

**क्या कहते है थाना प्रभारी**

*इस बारे में निजामपुर थाना प्रभारी धर्मसिंह ने बताया कि 14 जून को सुनील कुमार घर से चला गया था। जिसकी सूचना हमें 17 जून को मिली। वहीं 14 जून को घर से गायब होने के बाद सुनील कुमार ने अपने दोस्त सन्नी व प्रवीण निवासी धौलेड़ा के साथ शराब पी है।*

**परिजनों ने की हत्या की धारा जोड़, कार्रवाई की मांग**



अब सुनील कुमार की मौत के बाद परिजनों का कहना है कि उनकी मृत्यु मारपीट में लगी चोटों के कारण हुई है। उन्होंने पुलिस से मामले में हत्या की धारा जोड़कर आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। परिजनों ने बताया कि झगड़े के बाद आरोपितों ने उसको कालिया की नांगल नदी में छोड़ दिया। इसके बाद उसने किसी के फोन से पत्नी के पास फोन कराया कि सुनील कुमार यहां पर पड़ा हुआ है, इसको ले जाओ। जिसके बाद उसका लड़का व एक अन्य उसको लेकर घर आ गए। वहां पर तबियत खराब होने पर प्राइवेट अस्पताल लेकर आए। वहां से उसको इलाज के लिए जयपुर रेफर कर दिया। पत्नी ने इस बारे में शिकायत की थी। जिसके बाद मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। अब उसकी मौत हो गई है। जिसके बाद अब पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच करेगी।

# कुंआ पूजन में गया युवक बणी में मिला मृत, दो युवकों पर हत्या का केस दर्ज

- पानी की टंकी एवं खेली के पास टाइल के टुकड़ों पर मिले खून के निशान, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य
- मां की शिकायत पर गांव के ही राहुल उर्फ चांद व अनिल के खिलाफ मुकदमा, पुलिस ने शुरू की धरपकड़

**नारनौल।** उपमंडल के गांव बलाहा कलां का एक युवक राजस्थान में कुंआ पूजन कार्यक्रम में जाने के बाद रहस्यमय परिस्थितियों में मृत मिला। बुधवार सुबह गांव के स्टेडियम के समीप स्थित बणी में पानी की खेल के पास करीब 30 वर्षीय राजबीर उर्फ सोनू का शव अर्धनग्न मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही गहली पुलिस चौकी और बाद में सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मृतक की मां की शिकायत पर गांव के ही दो युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



नारनौल। घटनास्थल पर बलाहा पहुंची पुलिस एवं ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**थाना प्रभारी ने कहा, आरोपितों की तलाश जारी**

*सदर थाना प्रभारी धर्मबीर ने बताया कि मां की शिकायत पर गांव के ही दो युवकों पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है, वहीं आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।*

**मां बोली- बेटे को बहाने से घर से ले गए, अब न्याय चाहिए**

मृतक की मां सुनीता ने शिकायत में बताया कि उसके पति का निधन हो चुका है। बड़ा बेटा राजेंद्र दिल्ली में नौकरी करता है, जबकि छोटा बेटा राजबीर भी दिल्ली की एक निजी कंपनी में कार्यरत था और करीब 10-15 दिन पहले गांव आया हुआ था। सात जुलाई की शाम वह गांव गणेशपुरा में कुंआ पूजन में जाने की बात कह रहा था। इसी दौरान गांव का राहुल उर्फ चांद अपने साथी अनिल के साथ घर आया और तीनों एक साथ चले गए। पूरी रात इंतजार करने के बावजूद राजबीर घर नहीं लौटा। अगले दिन सुबह सूचना मिली कि उसका शव स्टेडियम के पास बणी में पड़ा है। सुनीता ने आरोप लगाया कि उसके बेटे की हत्या राहुल उर्फ चांद और अनिल ने ही की है तथा दोनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर उसे न्याय दिलाया जाए।



नारनौल। अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

# कनीना की अवैध कॉलोनी में की तोड़फोड़ कार्रवाई

**दो एकड़ भूमि में तीन डीपीसी व सभी रोड नेटवर्क उखाड़े**

**प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट न खरीदें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला नगर योजनाकार टीम ने वीरवार को शहरी क्षेत्र कनीना में छितरोली रोड पर चिकारा कैंटीन के पास राजस्व सम्पदा में लगभग दो एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस दौरान लगभग दो एकड़ भूमि में तीन डीपीसी व इसके साथ प्लाट की निसानदेही के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ विभागीय कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट योजनाकार कार्यालय सहायक नगर सतेन्द्र कुमार की अगुवाई में पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई।

जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने लोगों से कहा है कि नियन्त्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें तथा निदेशक नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग हरियाणा चंडीगढ़ से लाइसेंस अनुमति लेने उपरान्त ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें, अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में आमजन किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लाट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है।

# टक्कर से बुजुर्ग की मौत, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- सिंघाना रोड पर कार चालक ने साइकिल सवार को कुचला

शहर के सिंघाना रोड पर गुरुवार सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से साइकिल सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। सिटी थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सिंघाना रोड निवासी जगजीत ने बताया कि उनके पिता लाल सिंह (80) रोजाना की तरह सुबह सैर के लिए निकले थे। सुबह करीब साढ़े छह बजे वह साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आई दिल्ली नंबर की एक कार ने उनकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि लाल सिंह कई फुट ऊपर उछलकर करीब दस फुट दूर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे तथा घायल को नागरिक अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में हादसा और संदिग्ध कार दिखाई दे रही है। फुटेज में टक्कर के बाद कार कुछ दूरी तक साइकिल को घसीटते हुए भी नजर आ रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और वाहन नंबर उपलब्ध कराते हुए आरोपित चालक की शीघ्र गिरफ्तारी और उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# मंडी अटेली नपा चेयरमैन संजय गोयल का चुनाव अवैध घोषित, कोर्ट का बड़ा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

- काफी समय से कानूनी दांव-पेंचों में उलझा हुआ था मामला

नगर पालिका के चेयरमैन संजय गोयल के लिए एक बड़ा झटका सामने आया है। जज डॉ. मुकेश कुमार की अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसले में संजय गोयल के चेयरमैन पद के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया है। यह मामला काफी समय से कानूनी दांव-पेंचों में उलझा हुआ था। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता भूपेश कुमार की ओर से दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि संजय गोयल पूर्व में पार्षद रहते हुए तीन बैठकों में अनुपस्थित रहने के कारण छह साल के लिए चुनाव लड़ने हेतु अयोग्य घोषित किए गए थे। याचिकाकर्ता का तर्क था कि इसके बावजूद संजय गोयल ने गलत जानकारी देकर और तथ्यों को छुपाकर पुनः चुनाव लड़ा और चेयरमैन पद हासिल किया। इसके अलावा पोलिंग के दिन चुनाव चिह्न में हेरफेर करने का भी गंभीर आरोप लगाया गया था। अधिवक्ता आरके संघी ने जानकारी दी



कि इन सभी तथ्यों और नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए अदालत ने उनके चुनाव को अवैध करार दिया है।

इस फैसले के बाद अब नगर पालिका की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। वहीं मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए संजय गोयल ने कहा कि वे अदालत के फैसले का सम्मान करते हैं, लेकिन न्याय पाने के लिए वे इस आदेश के खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील करेंगे।

### जिला खनिज फाउंडेशन की बैठक

# 16 करोड़ के 108 कार्यों की समीक्षा, नए कामों का प्रस्ताव रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

माइनिंग फंड से मिलने वाले पैसे से जिले में होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर वीरवार को उपायुक्त अनुपमा अंजली की अध्यक्षता में जिला खनिज प्रतिष्ठान समिति की बैठक हुई। जिसमें भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, विधायक ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव व नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी मौजूद थी। इस बैठक के दौरान पहले से चल रहे लगभग 16 करोड़ रुपये के 108 विकास कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की गई। इसके बाद विधायकों ने नए कार्यों की सूची प्रस्तुत की, जिस पर बैठक में विचार विमर्श किया गया तथा उसकी विजिबिलिटी चेक करने को कहा गया।



- सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, विधायक ओमप्रकाश यादव, कंवर सिंह यादव व मंजू चौधरी रही मौजूद

नारनौल। बैठक में मौजूद डीसी, सांसद व विधायक।

इस अवसर पर सांसद ने कहा कि जो भी काम इस बैठक में रखें जाए, उसकी पहले फीजिबिलिटी चेक करें, ताकि बाद में किसी प्रोजेक्ट को बीच में ना रोकना पड़े। उन्होंने कहा कि काम होने के बाद ग्राम सभा में रखकर सोशल आडिट जरुर कराएं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खुद प्रदेश के युवाओं को सकारात्मक दिशा में चलने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली की खरीद, पेयजल आपूर्ति के लिए नए नलकूपों के निर्माण व ई-लाइब्रेरी जैसी आवश्यक जनसुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस बैठक में जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने अब तक हुए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा डीएमएफ में आए पैसे का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस मौके पर एडीसी तरुण कुमार पावरिया, एसडीएम महेंद्रगढ़ योगेश सैनी, सीईओ जिला परिषद निर्मल नागर, एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह व नगराधीश डॉ. मंगल सेन के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# नाबालिग छात्रा ने युवक पर ब्लैकमेल कर छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**नारनौल।** जिले में एक नाबालिग छात्रा के साथ उसके पास के मोहल्ले के एक युवक पर ब्लैकमेल कर उसके साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में नाबालिग युवती ने बताया कि उसकी उम्र करीब 17 साल है। वह पहले शहर में पढ़ती थी। इसके बाद वह कोचिंग के लिए राजस्थान के एक शहर में चली गई। इस दौरान उसकी दोस्ती शहर के एक मोहल्ला के युवक के साथ हो गई। युवक ने उसके साथ फोटो व वीडियो ले ली। जिसके बाद युवक ने उसके साथ ली हुई फोटो को दिखाकर उसको ब्लैकमेल किया। वहीं बाद में उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। साथ ही उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। वह फिर से उसको बुलाकर ब्लैकमेल कर गलत काम करना चाह रहा था। इस बात को परिजनों को बताया। परिजनों ने इस पर पुलिस में शिकायत दी। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। इस बारे में सिटी एसएचओ हरिकिशन ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं आरोपित युवक की तलाश कर रहे है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हरिभूमि के पूर्व पत्रकार सुरेश लावनिया का हृदय गति रुकने से निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरिभूमि अखबार के पूर्व पत्रकार सुरेश लावनिया का बुधवार रात अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं तथा पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। बुधवार शाम उन्हें अचानक घबराहट महसूस हुई। परिजन उन्हें तुरंत शहर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। सुरेश लावनिया ने कई वर्षों तक दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में पत्रकार के रूप में कार्य किया। पत्रकारिता के बाद भी वे सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े रहे और समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। वे अपने पीछे तीन भाई, भतीजे, पोते सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार वीरवार को स्थानीय श्मशान घाट में किया गया, जहां उनके भतीजे मयंक लावनिया ने उन्हें मुखाग्नि दी।



**अंतिम संस्कार में ये हुए शामिल**

अंतिम संस्कार में अमित, गौरव, रजत, नवनीत, हिमांशु, चिराग, ब्राह्मण सभा के प्रधान दिनेश वैध, महेंद्रगढ़ व्यापार मंडल प्रधान सुरेंद्र बंटी, मोदाश्रम प्रधान सुधीर दीवान, अमित मिश्रा, नरेश चेयरमैन, भूषण सेठ, मा. जयनारायण संस्कृति मंच के प्रधान नरेश जोशी, सूर्यप्रकाश कौशिक, पवन भारद्वाज, विष्णु सोनी, हरियाणा पत्रकार संघ के प्रधान प्रदीप बालरोडिया, पत्रकार आनंद शर्मा, पत्रकार सुशील शर्मा, ईश्वर तिवारी, जयप्रकाश भारद्वाज, नीरज कौशिक, प्रदीप शर्मा, वेदप्रकाश उर्फ छोटू, विनोद कपूर, श्रीमोहन, अतुल दीवान, सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और शुभचिंतक उपस्थित रहे।

**9 जून को स्वास्थ्य मंत्री ने मीटिंग में लेट आने पर दिए थे सस्पेंड के आदेश**

# स्वास्थ्य मंत्री की शिकायत पर निलंबित डीडीपीओ 13 दिन बाद ही बहाल

**26 जून को राज्यपाल ने जारी किए थे सस्पेंड के आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला परिषद के तत्कालीन उप मुख्य कार्यकारी एवं जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार संभालने वाले प्रमोद कुमार बहाल हो गए है। उन्हें 26 जून को महामहिम राज्यपाल की ओर से पत्र जारी कर निलंबित किया गया था। अब उस पत्र का हवाला देते हुए विभागीय कार्रवाई पर किसी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना तत्काल प्रभाव से पुनःसेवा में बहाल करने के आदेश जारी किए है। पुनर्बहाली के उपरांत प्रमोद कुमार को चरखी दादरी में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के रिक्त पद पर नियुक्त किया गया है। यह आदेश वीरवार को जारी किए गए है।



डीडीपीओ प्रमोद कुमार

**यह था मामला**

*डीडीपीओ प्रमोद कुमार नौ जून को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव द्वारा ली गई अधिकारियों की बैठक में समय पर नहीं पहुंचे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने मीडिया को बताया था कि उनको दिए गए कई कार्य पेंडिंग थे। जिसके चलते आरती राव ने डीडीपीओ के निलंबन की सिफारिश की थी। स्वास्थ्य मंत्री की बैठक के बाद हुई प्रेसवार्ता के बाद जब मीडिया बाहर आई तो वहां मौजूद डीडीपीओ प्रमोद कुमार से बातचीत की। उनका कहना था कि मैं 10 मिनट लेट पहुंचा था। इसके अलावा डीडीपीओ ने कोई जवाब नहीं दिया।*

कार्यवाहक डीडीपीओ प्रमोद कुमार को नौ जून की बैठक में देरी पहुंचने का हवाला देते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सस्पेंड करने के आदेश दिए थे। इसके बाद 26 जून को हरियाणा राज्यपाल ने सस्पेंड के आदेश जारी किए। आदेश के अनुसार निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय उपायुक्त कार्यालय चरखी दादरी रहेगा। बिना उपायुक्त चरखी दादरी की पूर्व अनुमति के वे मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। यह आदेश हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेंद्र कुमार आईएएस की ओर से 26 जून 2026 को जारी किए गए हैं।

हालांकि आदेश में निलंबन के कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है। इस घटनाक्रम के बाद एक जुलाई को जिला के अनेक जन प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों ने डीडीपीओ प्रमोद कुमार के पक्ष में विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन को बहाली के लिए मांग पत्र सौंपा था। अब वीरवार को प्रमोद कुमार की बहाली के आदेश जारी किए गए है।

## खबर संक्षेप

### नशे से दूर रहकर युवा बना सकते हैं उज्ज्वल भविष्य

**कनीना।** प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय करीरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन रावत ने की। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उपनिरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र को कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि यदि युवा पीढ़ी नशे से दूर रहेगी, तो देश का भविष्य सुरक्षित और समृद्ध होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने मित्रों, परिवार व आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें।

### सीजेएम ने बच्चों को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी की मौजूदगी में राजकीय प्राथमिक पाठशाला अटेली में कानूनी जागरूकता कैंप का आयोजन किया। सीजेएम ने इस जागरूकता कैंप के दौरान स्कूली बच्चों के साथ बेहद सरल और आत्मीय भाषा में सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने बच्चों को 'गुड टच-बैड टच' के प्रति जागरूक करते हुए आत्मरक्षा व सतर्कता के महत्वपूर्ण टिप्स दिए, ताकि वे किसी भी विषम परिस्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकें। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से बताते हुए उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सचेत किया।

### प्रो. टंकेशवर कुमार ने पुस्तक का किया विमोचन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने एल्सेवियर, यूएसए द्वारा प्रकाशित पुस्तक नैनोबायोटेक्नोलॉजी फॉर क्लिनिकल अडॉप्टेबिलिटी एंड एप्लीकेशन का विमोचन किया। इस पुस्तक का संपादन हकेवि के जैवरसायन विभाग के प्रो. पवन कुमार मौर्य, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के डॉ. टीकम चंद डाकल, बनस्थली विद्यापीठ की डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा तथा एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डॉ. विपिन रंगा द्वारा किया गया है। पुस्तक के विमोचन पर कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने संपादकों एवं लेखकों को बधाई दी।

### मुकेश देवी बनी प्रधान हरिराम बने उप प्रधान

**महेंद्रगढ़।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की चुनाव कार्यक्रम की अध्यक्षता हाउसिंग बोर्ड आरडब्ल्यूए द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता सतबीर सिंह ने की। नवनियुक्त कार्यकारिणी में प्रधान मुकेश देवी, उप प्रधान हरिराम चौहान, सचिव मा. नित्यानंद, कोषाध्यक्ष शिवलाल, सह सचिव मंजीता, सदस्य संतोष देवी, मंजू देवी, विजय सिसोठिया, मा. राकेश चोपड़ा, शिवकुमार, राकेश यादव हैं। निवर्तमान प्रधान शमशेर सिंह यादव ने एसोसिएशन का समस्त रिकॉर्ड नई प्रधान को सौंप दी।

**जिले के रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर**

# 2 एक्सप्रेस ट्रेनों सहित 6 जोड़ी रेल सेवाओं में स्थायी रूप से अतिरिक्त जोड़े डिब्बे

### नारनौल, अटेली व महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वालों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले के रेल यात्रियों के लिए राहतभरी खबर है। बढ़ती यात्री संख्या व लगातार बढ़ रही मांग को देखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने दो प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों सहित छह जोड़ी रेल सेवाओं में स्थायी रूप से अतिरिक्त डिब्बे जोड़ने का फैसला किया है। इस निर्णय से जिले के नारनौल, अटेली व महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। खासकर दिल्ली, राजस्थान व बीकानेर की ओर सफर करने वाले यात्रियों को अब सीट मिलने में पहले की तुलना में अधिक सुविधा होगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 22471/22472 लालगढ़–दिल्ली सराय–लालगढ़ एक्सप्रेस में लालगढ़ से एक अगस्त व दिल्ली सराय से तीन अगस्त से स्थायी रूप से एक तृतीय वातानुकूलित (थर्ड एसी) और एक द्वितीय शयनयान (स्लीपर) कोच जोड़ा जाएगा। इस ट्रेन का ठहराव महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर होने के कारण जिले के यात्रियों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20473/20474 दिल्ली सराय–उदयपुर सिटी–दिल्ली सराय चेतक एक्सप्रेस में दिल्ली सराय से एक अगस्त व उदयपुर सिटी से दो अगस्त से एक थर्ड एसी और एक स्लीपर कोच स्थायी रूप से बढ़ाया जाएगा। यह ट्रेन नारनौल और अटेली रेलवे स्टेशनों पर रुकती है, जिससे इन क्षेत्रों के यात्रियों की यात्रा और अधिक सुविधाजनक होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार अतिरिक्त डिब्बे जुड़ने से ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची की समस्या काफी हद तक कम होगी। त्योहारों, छुट्टियों व अन्य व्यस्त यात्रा सीजन के दौरान सीटों की उपलब्धता में भी सुधार होगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के इस निर्णय से क्षेत्र के यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा मिलने के साथ-साथ रेलवे पर बढ़ते यात्री दबाव को भी संतुलित करने में मदद मिलेगी।



नारनौल। रेलवे स्टेशन। फोटो: हरिभूमि

### यात्रियों की सुविधा के लिए सात जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार

**नारनौल।** रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु सात जोड़ी स्पेशल रेलसेवाओं की संचालन अवधि में विस्तार किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 09633/09634 रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा में रेवाड़ी से 10 व 13 जुलाई को (दो ट्रिप) व रींगस से 11 व 14 जुलाई को (दो ट्रिप) का विस्तार किया जाएगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09637/09638 रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा में रेवाड़ी से 10 व 13 जुलाई को (दो ट्रिप) व रींगस से 10 व 13 जुलाई को (दो ट्रिप) का विस्तार किया जाएगा। गाड़ी संख्या 09611/09612 अजमेर-योगनगरी ऋषिकेश-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में अजमेर से 22 जुलाई से 30 सितंबर तक (11 ट्रिप) व योगनगरी ऋषिकेश से 23 जुलाई से एक अक्टूबर तक (11 ट्रिप) का विस्तार किया जाएगा। गाड़ी संख्या 04731/04732 श्रीगंगानगर-समस्तीपुर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में श्रीगंगानगर से 26 जुलाई को (एक ट्रिप) व समस्तीपुर से 28 जुलाई को (एक ट्रिप) का विस्तार किया जाएगा। गाड़ी संख्या 01905/01906 कानपुर सेंट्रल-असारवा-कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में कानपुर सेंट्रल से 20 जुलाई से 31 अगस्त तक (सात ट्रिप) व असारवा से 21 जुलाई से एक सितंबर तक (सात ट्रिप) का विस्तार किया जाएगा। गाड़ी संख्या 04111/04112 प्रयागराज-गांधीग्राम-प्रयागराज द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में प्रयागराज से 18 जुलाई से 29 अगस्त तक (13 ट्रिप) व गांधीग्राम से 19 जुलाई से 30 अगस्त तक (13 ट्रिप) का विस्तार किया जाएगा। गाड़ी संख्या 01910/01909 आगराकैंट-असारवा-आगराकैंट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा में आगराकैंट से तीन अगस्त से 31 अगस्त तक (पांच ट्रिप) व असारवा से चार अगस्त से एक सितंबर तक (पांच ट्रिप) का विस्तार किया जाएगा।

**'समझौता लागू करवाओ, संगठन मजबूत बनाओ' रैली में पालिका व फायर कर्मियों का शक्ति प्रदर्शन**

# 13 मई का समझौता लागू नहीं होने पर बेमियादी आंदोलन 6 से

*5 अगस्त तक आदेश जारी नहीं होने पर सरकार को दी चेतावनी, विभिन्न नगर निकायों से पहुंचे सैकड़ों कर्मचारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार द्वारा 13 मई को नगरपालिका एवं अग्निशमन विभाग कर्मचारियों के साथ हुए समझौते को अब तक लागू नहीं किए जाने के विरोध में गुरुवार को नगर परिषद परिसर में नगरपालिका कर्मचारी संघ और हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय महारैली आयोजित की गई। 'समझौता लागू करवाओ, संगठन मजबूत बनाओ' के नारे के साथ आयोजित रैली में नारनौल, महेंद्रगढ़, कनीना, अटेली और नांगल चौधरी सहित विभिन्न नगर निकायों एवं अग्निशमन विभाग के सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। रैली को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश तुसामढ़ ने कहा कि सरकार ने 13 मई को कर्मचारियों के साथ जो समझौता किया था, उसके अनुरूप अब तक कोई ठोस आदेश जारी नहीं किए हैं। इससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 5 अगस्त तक समझौते के अनुरूप सभी आदेश जारी नहीं किए गए तो छह, सात और आठ अगस्त की घोषित राज्यव्यापी हड़ताल को अनिश्चितकालीन आंदोलन में बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को पालिका रोल पर कार्यरत अग्निशमन विभाग के अनुबंध कर्मचारियों को नियमित करना, ठेका प्रथा समाप्त करना, ठेका व्यवस्था खत्म होने तक सभी ठेका कर्मचारियों को 30 हजार रुपये विशेष न्यूनतम वेतन देना, हड़ताल के दौरान हटाए गए कर्मचारियों को पुनः ड्यूटी पर लेना तथा समझौते की अन्य सभी मांगों को लागू करना चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो कर्मचारी आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे।


नारनौल। नगर परिषद में कर्मचारियों की रैली को संबोधित करते स्टेट बॉडी के कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

#### इन्होंने भी किया संबोधित

रैली में राज्य प्रधान राजेंद्र सिंधड़, राज्य उपाध्यक्ष राजेश बागड़ी, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह सांगलिया, सुखदेव सिंह, मनोज, जयप्रकाश सहित अनेक कर्मचारी नेताओं ने संबोधित करते हुए सरकार से समझौते को तत्काल लागू करने की मांग की। विभिन्न कर्मचारी, मजदूर, किसान एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी कर्मचारियों के संघर्ष का समर्थन करते हुए 6 अगस्त से प्रस्तावित आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया।रैली की संयुक्त अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान राहुल सारवन तथा फायर यूनियन के जिला प्रधान रामसिंह ने की। वक्ताओं ने कर्मचारियों से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी आंदोलन के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। साथ ही सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्प्लॉइज फेडरेशन के देशव्यापी आंदोलनों के समर्थन का भी ऐलान किया गया।

#### ये रहे मौजूद

रैली में कनीना नगरपालिका से प्रधान अनिल कुमार, अटेली से मनीष कुमार, नांगल चौधरी से कमल कुमार, महेंद्रगढ़ से पूरण सिंह, सर्व कर्मचारी संघ के हरिराम, कौशल यादव, संजय कुमार, डोर-टू-डोर कर्मचारियों के प्रधान प्रीतम सिंह, नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रधान भूपेंद्र सारवन, महासचिव महेंद्र दायमा, भीम सिंह, रमेश कुमार, राजेश कुमार, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, महावीर प्रसाद, लखन सरवन, जसवंत सरवन, रोशन, निरंजन लाल, राम अवतार, प्रताप सिंह, सुरेश कुमार, जोगिंदर सिंह, विनोद कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। रैली के अंत में सभी कर्मचारियों ने सरकार से शीघ्र आदेश जारी करने की सामूहिक मांग की और जरूरत पड़ने पर आंदोलन को और तेज करने का संकल्प लिया।


नारनौल। शोक जताने पहुंची स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव। फोटो: हरिभूमि

## शोक सभा में पहुंचीं स्वास्थ्य मंत्री राव, दी श्रद्धांजलि

- स्व. शरबती यादव के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित कर शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी ओमप्रकाश इंजीनियर की माता स्व. शरबती यादव के निधन पर गांव बोचड़िया में आयोजित शोक सभा में पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वर्गीय शरबती यादव का जीवन सादगी, सेवा, संस्कार और मानवीय मूल्यों का अनुपम उदाहरण था। वे अत्यंत सरल, मिलनसार, मृदुभाषी एवं धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं, जिन्होंने अपने जीवन में सदैव परिवार और समाज को साथ लेकर चलने का संदेश दिया।

उनका स्नेहपूर्ण व्यवहार और सेवा भाव हमेशा लोगों की स्मृतियों में जीवित रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार के लिए माता का साया उठ जाना अत्यंत पीड़ादायक क्षण होता है। इस दुःख की घड़ी में पूरा समाज शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति और संबल प्रदान करें। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने परिजनों से भेंट कर उनका ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में वीरवार को महेंद्रगढ़ के लघु सचिवालय स्थित कोर्ट रूम में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डीसी अनुपमा अंजली ने की और आमजन की 29 समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम योगेश सैनी आईएएस व डीएमसी रणबीर सिंह भी मौजूद रहे। डीसी अनुपमा अंजली ने अधिकारियों की उपस्थिति में आमजन की समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान हमारी प्राथमिकता है।


महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायत सुनती डीसी। फोटो: हरिभूमि

समाधान शिविर का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद को बढ़ावा देना है, जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जा सके। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। समाधान शिविर में प्रमुख तौर पर परिवार पहचान पत्र, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड, बिजली, पानी, सड़क व गली निर्माण, अवैध निर्माण इत्यादि शिकायतें शामिल हैं। डीसी ने शिकायतों के निवारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एएसपी फैजल खान, रोडवेज महाप्रबधक देवदत्त, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. देवेन्द्र, सहायक रोजगार अधिकारी जितेन्द्र, तहसीलदार अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



### झूक में लगा टीबी जांच शिविर, 159 लोगों की स्क्रीनिंग की गई

**महेंद्रगढ़।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव झूक में निक्षय जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के सफल संचालन में कनीना टीबी यूनिट से आए एसटीएस पवन कुमार, टीबीएचवी युद्धवीर, जिला एसीएफ कॉर्डिनेटर अजय सिंह, फार्मासिस्ट नीरज, रेडियोग्राफर रजत चौहान, नर्सिंग ऑफिसर फूल चंद, लैब तकनीशियन मनोज कुमार, चालक भीम सिंह की टीम ने कुल 159 मरीजों की स्क्रीनिंग की। इसमें 51 संभावित टीबी मरीजों के एक्स-रे किए और 12 मरीजों के बलगम के नमूने लेकर उन्हें सीएचओ प्रदीप ने निक्षय पोर्टल पर अपलोड कर जांच के लिए कनीना लैब भेजा।

# यदुवंशी के खिलाड़ियों ने किया कराटे ओलंपियाड में क्वालिफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कराटे संघ की ओर से आयोजित जिला कराटे ओलंपियाड में यदुवंशी शिक्षा निकेतन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में संगीता, सचिन, तनु, दीपिका, अर्पिता , पीयूष, मयंक, शुभम, सचिन, कनिष्क , जया, रियांशी, विवेक, सम, नक्श, धैर्य, सिद्धार्थ, नित्या, प्रिया, मिताली, खुशाली व श्रुति ने अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर अगस्त माह में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। अब ये सभी खिलाड़ी राज्य स्तर पर विद्यालय एवं जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डायरेक्टर सुरेश यादव ने खिलाड़ियों, अभिभावकों व प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस उपलब्धि पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है।


नारनौल। यदुवंशी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

**उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय के शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंची छात्राओं ने जानी पुलिस की कार्यप्रणाली**

# युवाओं को साइबर क्राइम व महिला सुरक्षा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

युवाओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, साइबर अपराधों से बचाव तथा महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय में राजकीय पीजी कॉलेज व राजकीय महिला कॉलेज की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं ने पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन कर पुलिस की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा।

भ्रमण के दौरान डीएसपी डॉ. कविता ने छात्राओं से सीधा संवाद करते हुए उन्हें पुलिस विभाग की कार्यशैली, कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका तथा आमजन की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।


नारनौल। उपपुलिस अधीक्षक डॉ. कविता के साथ छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

उन्होंने छात्राओं को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने का संदेश देते हुए विशेष रूप से टेलीग्राम फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन निवेश एवं पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर होने वाली ठगी, फर्जी लिंक एवं ओटीपी साझा करने से जुड़े साइबर अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या ऑनलाइन गतिविधि के झांसे में न आए तथा किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन या निकटतम साइबर पुलिस थाना से संपर्क करें।

### ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की दी जानकारी

डीएसपी ने छात्राओं को महिलाओं व बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, उनके कानूनी अधिकारों तथा उपलब्ध सुरक्षा तंत्र के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में डायल 112 का तुरंत उपयोग करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी देते हुए बताया कि अकेले सफर करने वाली महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह सुविधा उपलब्ध है, जिसके माध्यम से यात्रा के दौरान पुलिस द्वारा लगातार सुरक्षा निगरानी रखी जाती है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका सरल व व्यावहारिक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं से डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने, सोशल मीडिया पर जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करने तथा किसी भी अपराध या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने का आह्वान किया। पुलिस ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण युवाओं व पुलिस के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत बनाने के साथ-साथ उन्हें कानून, साइबर सुरक्षा व महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**सूचना**

मैं, शीश राम पुत्र श्री रणजीत सिंह निवासी मौहल्ला महायचान महेन्द्रगढ़ तहसील व जिला महेन्द्रगढ़, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मनिन्द्र सिंह व मेरी पुत्रवधु शर्मिला पत्नी श्री मनिन्द्र सिंह ये दोनों मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



## खबर संक्षेप

### पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ा सामाजिक दायित्वः सीजेएम

**नारनौल।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से शांति कुंज अनाथ एवं बेसहारा आश्रम अटेली में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आईसीटीएम सोशल फाउंडेशन मोड़ी के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया तथा उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान नीलम कुमारी ने शांति कुंज अनाथ एवं बेसहारा आश्रम का औचक निरीक्षण भी किया।

### जड़वा गोशाला में श्रीराम कथा 15 जुलाई से

**सतनाली मंडी।** गुप्त नवरात्र के पावन अवसर पर श्री बांके बिहारी गोशाला जड़वा में संत श्री दरामस्परूप दास महाराज व पंकज महाराज के सानिध्य में नौ दिवसीय श्रीराम कथा व सत्संग का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति सदस्य हरिसिंह शेखावत ने बताया कि गोशाला परिसर में 15 से 23 जुलाई तक श्रीराम कथा व साधक-संजीवनी की ओर से सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन प्रातः पांच बजे प्रार्थना व प्रवचन, दोपहर 12:30 भजन संकीर्तन, एक से 4:30 बजे तक श्रीराम कथा व रात आठ से 9:30 बजे तक भजन संकीर्तन व साधक-संजीवनी सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

### धाराएं जोड़ने व न्याय दिलाने की उठाई मांग

**नारनौल।** गांव शहरपुर निवासी सेवानिवृत्त सैनिक हजारीलाल ने अपने साथ हुई कथित लूटपाट और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस पर उचित कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। गत 21 अप्रैल को नांगतिहाड़ी बाईपास स्थित उनके बालाजी धर्मकांटा पर कुछ लोगों ने हमला कर तोड़फोड़ की, सामान बिखेर दिया तथा करीब 1.10 लाख रुपये, इनवर्टर, बैटरी और वजन तौलने वाली मशीन सहित अन्य सामान उठा ले गए। हजारीलाल का आरोप है कि पुलिस ने मामले में केवल मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया, जबकि चोरी और लूटपाट की धाराएं अब तक नहीं जोड़ी गई हैं। उनका कहना है कि जब्त किया गया सामान मालखाने में पड़ा है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने बौचड़िया व सलीमपुर में 3.13 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

# राजनीति में राज करने नहीं, बल्कि सेवा करने आई हूं : आरती राव

- अटेली हलके के गांव बोचड़िया एवं सलीमपुर में हुआ धन्यवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली






मंडी अटेली। आरती राव को पगड़ी पहनाती सरपंच आरती यादव एवं बोचड़िया में धन्यवाद कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने वीरवार को अटेली हल्के के गांव बोचड़िया एवं सलीमपुर का दौरा कर धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देते हुए कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रमों में ग्रामीणों का भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह मंत्री का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया, वहीं सलीमपुर में मंत्री को चांदी का मुकुट भी भेंट किया गया, जिसे मंत्री ने गोशाला में दान कर सामाजिक संदेश दिया।

बोचड़िया में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली, जहां पुरुषों से अधिक संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि आम व्यक्ति को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। मंत्री ने अटेली क्षेत्र के लिए हाल ही में मेदांता अस्पताल के साथ हुए समझौता (एमओयू) का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अटेली में आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल विकसित किया जाएगा, जहां गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की विशेष देखभाल की जाएगी।

उन्होंने कहा कि गर्भावस्था से लेकर बच्चे के दो वर्ष तक की देखरेख विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की जाएगी, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जो भी मेरे पास अपने निजी काम के लिए आता है, उनका भी काम में करवाने का काम करती हूं। क्योंकि आगे चलकर यह न कहें कि छोरी जब चुनाव लड़ रही थी तो बोले थे, इसको तो दिल्ली ढूंढना पड़ेगा।

आरती तो अंग्रेजी बोलती है, हिंदी तो बोलनी भी नहीं आती है। सभी इन डेढ़ वर्षों में जान भी गए होंगे कि वह विकास के लिए आई है। वह राजनीति में राज करने नहीं, बल्कि सेवा करने आई है। सलीमपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि अटेली में उनका कार्यालय लगातार आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रहा है।

#### गांव को जोड़ा जाएगा सीवर लाइन से

गांव की प्रमुख समस्या सीवर लाइन को लेकर उन्होंने जल्द कार्य शुरू कराने की बात कही। सरपंच आरती यादव द्वारा गंदे पानी की निकासी के लिए लैंड एक्सचेंज की मांग पर भी सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि यह कार्य जल्द ही पूरा किया जाएगा। इसके अलावा सलीमपुर गांव का नाम बदलकर गोपालपुर करने की मांग पर भी उन्होंने जानकारी दी कि इस संबंध में फाइल चंडीगढ़ में विचाराधीन है और जनगणना के बाद इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि क्षेत्र का नेतृत्व एक सक्षम और जनहितैषी प्रतिनिधि के हाथों में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और इसका लाभ आम जनता को मिल रहा है।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार, नगर पालिका चेयरमैन संजय गोयल, जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, स्वास्थ्य मंत्री के पीए गोविंद गोस्वामी, अटेली मार्केट कमेटी चैयरमैन दिनेश जेलदार, जिला पार्षद उर्मिला देवी, जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर सिंह, सत्यवान, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य विजय उर्फ सोनू दौंगड़ा अहीर, भाजपा नेता कुलदीप यादव बौचड़िया, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप सराय, मंडल महामंत्री, एडवोकेट बबली यादव, इंद्रजीत यादव, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य बबली सिहार, सतबीर सरपंच सुजापुर, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण शर्मा बौचड़िया, अटेली मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार, संदीप एडवोकेट नीरपुर, तेजप्रकाश, चेयरमैन राधेश्याम गोयल, सतीश डीएसपी, एडवोकेट सुरेश, जसवंत सिंह, बिट्टू लंबा, सवितराज, नरेंद्र सरपंच सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एनएचएम कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन



**नारनौल।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर गुरुवार को नागरिक अस्पताल नारनौल में जिले के एनएचएम कर्मचारियों की आम सभा आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता प्रदेश कार्यालय सचिव हरकेश ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र ने किया। बैठक के बाद कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने अटेली स्थित कार्यालय में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती राव को विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र ने कहा कि अब तक 102 व 112 एंबुलेंस चालकों का ड्यूटी रोस्टर जिला स्तर पर स्थानीय परिस्थितियों और जनहित को ध्यान में रखकर तैयार किया जाता था, जिससे वर्षों से रेफरल ट्रांसपोर्ट सेवाएं सुचारु रूप से संचालित हो रही थीं। लेकिन मिशन निदेशक, एनएचएम हरियाणा द्वारा हाल ही में ऑनलाइन रोस्टर प्रणाली लागू करने के बाद प्रदेशभर के कर्मचारियों के ड्यूटी स्थल बदल दिए गए हैं।

### चंदपुरा में उपस्वास्थ्य केंद्र की मंजूरी पर जताई खुशी



**मंडी अटेली।** प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा गांव चन्दपुरा में उप स्वास्थ्य केंद्र की मंजूरी दिए जाने पर ग्रामवासियों में खुशी जताई है। इस घोषणा से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है और इसे क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। अटेली क्षेत्र के धन्यवाद कार्यक्रमों में जाते समय बजाड़ मोड़ पर एकत्र हुए जहां उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री का जोरदार स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र बनने से उन्हें अब प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर-दराज के अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। गांव की सरपंच सरला देवी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य मंत्री ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं



**मंडी अटेली।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने वीरवार को अटेली में पावर हाउस के सामने स्थित अपने कार्यालय में जनता दरबार लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। अटेली क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने पेयजल संकट को लेकर विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया और जल्द समाधान की मांग की। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर गांव रामबास की ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि भी मंत्री के कार्यालय पहुंचे और अपने क्षेत्र में उप स्वास्थ्य केंद्र (सब सेंटर) की मंजूरी मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त किया।

# सहकारिता महिलाओं के सशक्तिकरण का सशक्त माध्यमः ओमप्रकाश यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एडीसी तरुण कुमार पावरिया।

हरकोफेड (सहकारिता विभाग, हरियाणा) की ओर से वीरवार को सैनी धर्मशाला में जिला स्तरीय सहकारिता विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक ओमप्रकाश यादव व महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया व डीएमसी रणबीर सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम में जिलेभर से लगभग 500 सहकार बंधुओं, सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने भाग लिया। विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि सहकारिता ग्रामीण विकास, किसानों की आर्थिक उन्नति तथा महिलाओं के सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र को नई मजबूती प्रदान करने के लिए अनेक प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। विधायक कंवर सिंह ने कहा कि सहकारिता केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना को साकार करने वाला एक जन-आंदोलन है। हरकोफेड के प्रचार अधिकारी सौरव अत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार व सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में सहकारिता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रदेश के सभी 23 जिलों में जिला स्तरीय सहकारिता विचार गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरूआत नारनौल से की गई है।

कार्यक्रम के दौरान जिले में नव-पंजीकृत पांच मुख्यमंत्री पैक्स को पंजीकरण प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला सहकारी समितियों को सम्मानित कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई। इस मौके पर सहकारिता विभाग के सहायक रजिस्ट्रार (एआरसीएस) नरेश दहिया, डीएम हाफेड प्रवीन भारद्वाज, लेबरफेड प्रबंधक रामकरण ढाका, वीटा चिलिंग प्लांट प्रबंधक उदयभान, डीपीसीएआरडीबी के सीईओ दर्शन कौशिक, हरकोफेड भिवानी के एसीईओ देवेंद्र सिवाच, हरकोफेड हिसार के एसीईओ ऋषि श्योकंद आदि उपस्थित रहे।

# लॉजिस्टिक हब में मर्जी से दी जमीन सरकार का यह प्रोजेक्ट जल्द हो शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- बसीरपुर, तलोट घाटासेर व छिलरो गांव के किसानों ने खुलकर इस प्रोजेक्ट का किया समर्थन

नांगल चौधरी क्षेत्र में प्रस्तावित मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब की जमीन को लेकर चल रहा विवाद की तस्वीर किसी हद तक साफ होती दिखाई दे रही है। यह लॉजिस्टक हब 1205 एकड़ में बनना है। इनमें से 1050 एकड़ के लगभग जमीन किसानों ने मर्जी से जमीन दी। करीब 150 एकड़ जमीन के मालिकों ने जमीन बेचने से इनकार किया है, यह अधिक राशि की डिमांड कर रहे है और मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

वीरवार को मीडिया के सामने गांव बसीरपुर, तलोट, घाटासेर व छिलरो के वह अधिकांश किसान सामने आए, जिन्होंने मर्जी से लॉजिस्टिक हब के लिए जमीन सरकार को दी थी। इन किसानों का स्पष्ट कहना था कि कोई जोर जबरदस्ती जमीन नहीं ली गई। उस वक्त कलेक्टर रेट 12 व 13 लाख के बीच का था, उस हिसाब से हमें 30 लाख प्रति एकड़ मिला। यह भी बहुत बड़ी राशि है। किसी तरह का कोई बिचौलिया नहीं था। सीधी राशि बैंक खातों में आई। हम तो सरकार से मांग करते है कि इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द जमीन पर उतारें।



नारनौल। जमीन देने वाले किसानों ने रखा सरकार के पक्ष में अपना पक्ष। फोटो : हरिभूमि

#### सरकार का बड़ा प्रोजेक्ट, शुरू होने से मिलेगा रोजगार

किसानों ने कहा कि मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब महेंद्रगढ़ जिले का सबसे बड़ा विकास प्रोजेक्ट है। इसके शुरू होने से क्षेत्र में बड़े स्तर पर निवेश आएगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्थानीय युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार मिलने की संभावना बढ़ेगी। साथ ही परिवहन, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी, जिससे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य बेहतर होगा।



नारनौल। शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एडीसी तरुण कुमार पावरिया।

### समाधान शिविर में 62 नागरिकों ने रखी समस्याएं

**नारनौल।** आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनका तुरंत समाधान करने के लिए लगाए जा रहे समाधान शिविरों की कड़ी में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पवारिया ने नागरिकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान विभिन्न सरकारी विभागों से जुड़ी कुल 62 शिकायतें सामने आईं। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकतर मामलों का मौके पर ही निपटारा करवा दिया और बाकी बची शिकायतों के लिए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार जल्द से जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को पारदर्शी और त्वरित राहत देना है, ताकि किसी भी व्यक्ति को अपने जायज काम के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। इस मौके पर विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे, ताकि जनता की शिकायतों को बिना किसी देरी के मौके पर ही दूर किया जा सके।

**जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी**

# जुलाई के दूसरे सप्ताह में सरकारी स्कूलों में होगी स्कूल-आधारित मूल्यांकन परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए जुलाई के दूसरे सप्ताह में सभी सरकारी विद्यालयों में स्कूल-आधारित मूल्यांकन-1 आयोजित करने के आदेश दिए हैं। परिषद द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह मूल्यांकन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020), नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजुकेशन (एनसीएफ-एसई) 2023 तथा असेसमेंट प्लान 2026-27 के अनुरूप आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों का केवल लिखित परीक्षा के आधार पर नहीं बल्कि उनकी समग्र दक्षताओं, समझ, व्यवहारिक ज्ञान एवं कौशल का आकलन करना है।

#### मूल्यांकन के लिए इन गतिविधियों का करना होगा उपयोग

निर्देशों में कहा गया है कि एसबीए-1 को नियमित शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए तथा मूल्यांकन को दक्षता-आधारित, बाल-अनुकूल, समावेशी एवं कक्षा शिक्षण से एकीकृत रूप में संचालित किया जाए। एससीईआरटी ने शिक्षकों को मूल्यांकन के लिए विभिन्न विधियों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। इनमें लिखित परीक्षा, वर्कशीट एवं असाइनमेंट, कक्षा अवलोकन, मौखिक प्रश्नोत्तर, प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा, प्रायोगिक एवं गतिविधि-आधारित मूल्यांकन, प्रोजेक्ट एवं पोर्टफोलियो, स्व-मूल्यांकन तथा सहपाठी मूल्यांकन शामिल हैं। निर्देशों के अनुसार मूल्यांकन के दौरान विद्यार्थियों की वैचारिक समझ, ज्ञान के अनुप्रयोग, आलोचनात्मक चिंतन एवं समस्या-समाधान क्षमता, संप्रेषण कौशल तथा रचनात्मकता एवं सहयोगात्मक कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

#### निर्धारित समयावधि में सफल करें एसबीए-1

इसके अतिरिक्त एससीईआरटी ने सभी विद्यालयों को मूल्यांकन संबंधी अभिलेख सुव्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए हैं। इसके तहत अवलोकन रजिस्टर, चेकलिस्ट एवं रूब्रिक्स, विद्यार्थियों के पोर्टफोलियो, वर्कशीट, असाइनमेंट, प्रोजेक्ट रिकॉर्ड तथा फीडबैक रिकॉर्ड का संधारण अनिवार्य रहेगा। परिषद ने जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिलों के सभी सरकारी विद्यालयों में निर्धारित समयावधि के भीतर एसबीए-1 का सफल एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें।




महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### स्थापना दिवस पर विचार संगोष्ठी और नगर इकाइयों की घोषणा

**महेंद्रगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की महेंद्रगढ़ नगर इकाई द्वारा परिषद के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भूमिका वेटरनरी कॉलेज एवं शोध संस्थान सिगड़ा में विचार संगोष्ठी एवं नगर इकाई घोषणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एबीवीपी हरियाणा प्रांत के स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट के प्रांत प्रमुख सचिन सनसनवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एबीवीपी के जिला प्रमुख डॉ. अविनाश यादव का विशेष मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था चेयरमैन अजय सिंगड़िया ने की। कार्यक्रम के प्रारंभ में महेंद्रगढ़ नगर अध्यक्ष डॉ. रणवीर ने सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया।

# भाविप ने लगाया निःशुल्क जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



भारत विकास परिषद शाखा की ओर से वीरवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय में हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर शांति लैबोरेट्रीज महेंद्रगढ़ के सहयोग से लगाया गया। शिविर के दौरान 60 से अधिक छात्राओं के रक्त की जांच की गई। जांच में जिन छात्राओं में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम पाई गई, उन्हें परिषद की ओर से आयरन और फोलिक एसिड की दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर सभी छात्राओं को फल भी दिए गए। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने छात्राओं को खान-पान में सुधार और रक्त की मात्रा बढ़ाने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भारत विकास परिषद की महिला समन्वयक रीना बंटी ने बताया कि परिषद द्वारा पिछले पांच वर्षों से लगातार इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उनका उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और एनीमिया जैसी समस्याओं का समाधान करना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

# शिविर में 20 समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। आमजन की समस्याएं सुनते एसडीएम उदय सिंह व डॉ. सतीश खोला।

हरियाणा सरकार की ओर से आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से एसडीएम उदय सिंह की अध्यक्षता में नांगल चौधरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण (पीपीपी) के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला भी पहुंचे । शिविर के दौरान डॉ. सतीश खोला ने नागरिकों से बातचीत कर सरकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ का फीडबैक भी लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह की मंशा है कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर हो, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाए। डॉ. खोला ने शिविर में पहुंचे लाभार्थियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी व्यक्तिगत समस्याएं सुनी और सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में उनकी राय जानी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुशासन, पारदर्शिता और अंत्योदय के सिद्धांत पर निरंतर कार्य कर रही है। इन समाधान शिविरों के आयोजन का मुख्य मकसद यही है कि नागरिकों की समस्याओं का निवारण उनके घर के नजदीक ही बेहद पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जा सके, जिससे उन्हें बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

#### पारदर्शिता व जवाबदेही हो रही सुनिश्चित

*इस शिविर के दौरान मुख्य रूप से परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों को ठीक करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन शुरू करने, आय प्रमाण पत्र जारी करने, नए राशन कार्ड बनाने, बिजली कनेक्शन मैपिंग तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक सेवाओं से संबंधित कई संवेदनशील मामले सामने आए। डॉ. सतीश खोला ने इन मामलों पर तुरंत संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों के साथ मौके पर ही तालमेल बिठाकर 20 नागरिकों की गंभीर समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान करवाया। नागरिकों ने हरियाणा सरकार और प्रशासन का आभार जताया। डॉ. खोला ने कहा कि समाधान शिविर सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से न केवल शिकायतों का शीघ्र निवारण हो रहा है, बल्कि विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली में भी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो रही है।*